# काली पट्टी बांधकर सोमवार से काम करेंगे डॉक्टर, चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि,सीहोरः** स्थानीय सिविल अस्पताल के डॉक्टर भूरेलाल परमार के साथ विगत दिनों हुई अभद्रता और गाली-गलौज के मामले में प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से क्षेत्र के चिकित्साकर्मियों में भारी आक्रोश है। घटना के बाद से ही लगातार शिकायत और ज्ञापनों का दौर जारी है, लेकिन आज तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में अब डॉक्टरों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है।

मामले में आज ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित माथुर के नेतृत्व में सिविल अस्पताल आष्टा के समस्त डॉक्टरों ने माननीय एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। डॉक्टरों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि दोषियों पर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। एसडीएम महोदय ने मामले की



गंभीरता को देखते हुए सोमवार तक उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**काली पट्टी से लेकर हड़ताल तकः** ऐसा रहेगा आंदोलन का स्वरूप डॉक्टरों ने साफ कर दिया है कि अगर सोमवार तक दोषियों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो आंदोलन पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।

**सोमवार और मंगलवार (आगामी दो दिन):** आष्टा खंड के समस्त शासकीय अस्पतालों का स्टाफ हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध स्वरूप काम करेगा।

**अगला चरण (हड़ताल):** यदि फिर भी प्रशासन नहीं जागा, तो डॉक्टर पूर्ण रूप से हड़ताल पर चले जाएंगे। इस दौरान अस्पतालों में केवल इमरजेंसी (आपात कालीन) सेवाएं ही बहाल रहेंगी, सामान्य ओपीडी और अन्य कार्य पूरी तरह ठप कर दिए जाएंगे।

**ज्ञापन सौंपने और आंदोलन का समर्थन करने वाले प्रमुख डॉक्टरः** आंदोलन में मुख्य रूप से डॉ. अभिषेक नारेडा, डॉ. जयदीप सिसोदिया, डॉ. अंकित पुरवाल, डॉ. संतोष करंजा, डॉ. हीनोपमा ठाकुर, डॉ. भूरेलाल परमार, डॉ. राजेंद्र पांडे एवं डॉ. निर्मलेवाड़ा सहित चिकित्सा विभाग का समस्त स्टाफ शामिल है।

### जिला अध्यक्ष का मिला समर्थन

इस आंदोलन को डॉक्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. नवीन मेहर का पूर्ण समर्थन प्राप्त हो चुका है। डॉ. नवीन मेहर ने घोषणा की है कि वे जिले भर के डॉक्टरों के साथ मिलकर इस आंदोलन में शामिल होंगे, ताकि पीड़ित डॉक्टर को न्याय मिल सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। डॉ. भूरेलाल परमार ने भी गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के सभी साथियों से इस आंदोलन को सफल बनाने और एकजुटता दिखाने की अपील की है।

## अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में आठ प्रकरण दर्ज

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय और परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने कन्नौद, खातेगांव, दीपगांव, नेमावर और बाईजगवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में गश्त एवं दबिश देकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 32(1) के तहत आठ प्रकरण दर्ज किए गए। टीम ने 70 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 210 पाव देसी मदिरा, 24 बीयर तथा 4,500 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 4.83 लाख रुपये बताई गई है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, पूजा गहलोत, राजश्री खन्ना, योगेंद्र सिंह, रोहित मुकाती, गोकुल प्रसाद मेघवाल, कैलाश जामोद, राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया सहित आबकारी विभाग के अधिकारी एवं आरक्षक शामिल रहे। विभाग ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, कलेक्शन एजेंट समेत दो की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** मंदसौर जिले में शुक्रवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की जान चली गई। करजू और करनाखेड़ी गांव के बीच मगरा क्षेत्र में आमने-सामने हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों सवारों ने दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सीतामऊ तहसील निवासी राजवीर सिंह (पिता भरत सिंह) और नांदवेल निवासी 38 वर्षीय विष्णुलाल (पिता मांगीलाल) के रूप में हुई है।

बताया गया है कि राजवीर सिंह एक निजी माइक्रोफाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट थे। शुक्रवार देर रात को वे भावगढ़ क्षेत्र में काम पूरा करने के बाद बाइक से मंदसौर लौट रहे थे। दूसरी ओर, विष्णुलाल कृषि कार्य से जुड़े थे और मंदसौर से अपने गांव नांदवेल वापस जा रहे थे। इसी दौरान करजू के समीप दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई।



हादसे में आमने सामने की टक्कर में मोटरसाइकल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया।

ग्राम करजू के सरपंच गोपाल पाटीदार ने बताया कि सूचना मिलते ही वे ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पहुंचे। एक घायल को एंबुलेंस से जबकि दूसरे को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, राजवीर सिंह की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल विष्णुलाल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस हादसे के बाद दोनों परिवारों में शोक का माहौल है, वहीं क्षेत्र में भी घटना से गहरा दुख व्याप्त है।

# जयपुर-मनारगुड़ी एक्सप्रेस से दस लाख रुपये की एमडी के साथ तस्कर गिरफ्तार




**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** उज्जैन आरपीएफ और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी, इंदौर की शनिवार को संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया। दोनों एजेंसियों ने जयपुर-मनारगुडी एक्सप्रेस में सर्च ऑपरेशन चलाकर एक तस्कर को करीब 80 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

आरपीएफ थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि एनसीबी को पहले से सूचना थी कि जयपुर-मनारगुडी एक्सप्रेस के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने उज्जैन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर सघन तलाशी शुरू कर दिया। तलाशी के दौरान टीम की नजर ट्रेन के एस-1 स्लीपर कोच में बैठे एक संदिग्ध यात्री पर पड़ी। पूछताछ के बाद उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 80 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

आरोपी का नाम राजू विश्नोई पिता भंवरलाल निवासी ग्राम पीथवास जिला जोधपुर, राजस्थान है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी इस खेप को राजस्थान से लेकर दक्षिण भारत पहुंचाने की तैयारी में था। वह कोटा से एमडी ड्रग्स लेकर निकला था। भोपाल पहुंचकर दूसरी ट्रेन से दक्षिण भारत जाता। संयुक्त कार्रवाई के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को एनसीबी, इंदौर के हवाले कर दिया गया।

## रिपोर्ट वापस लेने के विवाद में तलवार से हमला, तीन घायल

**रायसेन।** जिले की बेगमगंज तहसील के तुलसीपार गांव में शनिवार शाम पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने तलवार से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जबकि दो अन्य का उपचार बेगमगंज सिविल अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अभिषेक अठ्या गांव में नारायण यादव की दुकान पर पहुंचा और पिछले महीने दर्ज कराई गई रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वह घर से तलवार लेकर लौटा और सचिन यादव पर हमला कर दिया। हमले के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे अभिषेक गौर और छोटू कुशवाहा भी घायल हो गए। सचिन यादव के चेहरे और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अभिषेक गौर के पैर और छोटू कुशवाहा की पीठ पर चोट लगी है। थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे पुरानी रंजिश सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सेंट जोसेफ विद्यालय में अलंकरण समारोह आयोजित, छात्र परिषद ने ली शपथ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** बरेठ रोड स्थित सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी अनिल दुबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रदर एंटनी, हेड बॉय अनुनय माथुर तथा हेड गर्ल मीनल साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य, समूहगान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। समारोह के दौरान नवगठित छात्र परिषद तथा चारों सदनों के छात्र पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का संकल्प भी दिलाया गया।

विद्यालय के हेड बॉय के रूप में अनुनय माथुर, हेड गर्ल के रूप में मीनल साहू, जूनियर हेड बॉय के रूप में मानस लोधी तथा जूनियर हेड गर्ल के रूप में गौरवी रघुवंशी ने पदभार ग्रहण किया। विद्यालय परिवार ने सभी नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**बरेली।** किसानों की विभिन्न समस्याओं तथा कृषि उपज खरीदी में लागू टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बरेली, उदयपुरा और देवरी में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं और बड़ी संख्या में किसानों ने रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल, जिला प्रभारी शैलेंद्र पटेल तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय शर्मा ने किया। रैली में शामिल किसानों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए कृषि उपज खरीदी व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को समय पर अपनी उपज बेचने का अवसर नहीं मिल रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि टोकन व्यवस्था समाप्त कर किसानों के लिए सरल और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, समय पर भुगतान और खरीदी प्रक्रिया को आसान बनाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने राज्य सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं, जबकि कई वेयरहाउस खाली पड़े हैं।


